आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 03.10.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के सहस्त्रधारा क्षेत्र में आपदा प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश में सभी सड़कों का सुधारीकरण कार्य जोरों पर।
- हरिद्वार में उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा वार्षिक गंगा बंदी की गई।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज हम स्टेशनरी क्षेत्र में जीएसटी कटौती पर रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

आपदा प्रभावित सहायता

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के सहस्त्रधारा क्षेत्र का दौरा कर आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर उन्हेंने पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के स्वामियों को प्रत्येक परिवार रुपये 3 लाख 80 हजार रुपए की राशि के 12 चैक व जनहानि के दृष्टिगत एक परिवार को एक लाख रुपए की धनराशि का चैक वितरित किए। श्री जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए कहा कि उनके अनुरोध के बाद आपदा में पूर्ण क्षतिग्रस्त भवनों के लिए मिलने वाली सहायता राशि एक लाख 25 हजार से बढ़कर पांच  लाख रुपए कर दी गई। उन्होंने कहा कि यह बढ़ी हुई राशि प्रभावित परिवारों के लिए अत्यधिक उपयोगी साबित होगी। इस दौरान सहस्त्रधारा के दुकानदारों ने भी अपनी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। दुकानदारों ने बताया कि भारी वर्षा के कारण जलस्तर बढ़ने से उनकी दुकानों में पानी घुस गया, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने सरकार से विशेष सहायता अनुदान की मांग की। श्री जोशी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## वस्त्र मंत्रालय

वस्त्र मंत्रालय ने आगामी खरीफ कपास सीज़न–2025–26 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य संचालन की तैयारियों को बढ़ा दिया है। वस्त्र मंत्रालय के सचिव ने खरीफ कपास सीज़न–2025–26 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। एक रिपोर्ट–

## छड़ी यात्रा

हरिद्वार में श्री पंच दश नाम जूना अखाड़े की पवित्र छड़ी यात्रा नगर भ्रमण के तहत श्यामपुर कांगड़ी स्थित श्रीमहंत प्रेम गिरी धाम पहुंची। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने पवित्र छड़ी का विधि विधान के साथ पूजन किया। जूना अखाड़े के वरिष्ठ सभापति श्री महंत प्रेम गिरि महाराज ने बताया कि यह पवित्र छड़ी उत्तराखंड के सभी प्रमुख तीर्थ के अलावा ऐसे तीर्थ पर भी जाएगी, जो अभी तक उपेक्षित अवस्था में है। उन्होंने कहा गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में कई ऐसे तीर्थ हैं, जिनके प्रचार प्रसार से इस इन क्षेत्रों में विकास की बहुत अधिक संभावनाएं हैं। इनमें मुख्य रूप से आदि बदरी, भविष्य बदरी सीतामढ़ी, अनुसूया मंडल, गणनाथ महादेव, थल महादेव, कटारमल का सूर्य मंदिर, नौटी गांव का श्री यंत्र मंदिर प्रमुख हैं।

## सड़क सुधारीकरण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश में सभी सड़कों का सुधारीकरण कार्य तेज गति से किया जा रहा है। इसी कड़ी में चम्पावत जिले के लोहाघाट के धौनी–सीलिंग मोटर मार्ग पर सुधार कार्य तेज़ी से जारी है। यह पांच किलोमीटर लंबा मार्ग, क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिसकी डामरीकरण सुविधा जल्द ही पूरी कर दी जाएगी, ताकि जनता को सुरक्षित और सुगम आवाजाही की सुविधा मिल सके।

लोक निर्माण विभाग, लोहाघाट के अधिसासी अभियंता हितेश कांडपाल ने बताया कि मोटर मार्ग में सभी आवश्यक आधारभूत कार्य जैसे कलवट निर्माण, नालिया, पैराफिट आदि पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब मुख्य कार्य डामरीकरण पर केंद्रित किया जा रहा है और यह कार्य तेजी से जारी है। वहीं, जिलाधिकारी मनीष कुमार ने सभी कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों और यात्रियों को लंबे समय तक सुविधाजनक और टिकाऊ सड़क सुविधा प्राप्त हो।

## गंगा बंदी

हरिद्वार में उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा वार्षिक गंगा बंदी कर दी गई है। इससे हर की पैड़ी समेत तमाम घाटों पर गंगा का जल स्तर काफी कम हो गया है। यू.पी. सिंचाई विभाग के एसडीओ भारत भूषण शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा गंगा की साफ–सफाई के लिए हर साल दशहरे से लेकर दीपावली तक गंगनहर का पानी रोक दिया जाता है। उन्होंने बताया कि गंगा बंदी के दौरान हर की पैड़ी में श्रद्धालुओं को आरती और स्नान के लिए पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध कराया जाएगा।

डेंगू रुद्रपुर

ऊधमसिंहनगर जिले में डेंगू के चार मामले सामने आए हैं। जसपुर, गदरपुर और किच्छा में चार मरीज पॉजिटिव पाए गए हैं। डेंगू ग्रसित इन मरीजों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है और सभी खतरे से बाहर हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम और नगर पालिकाएं दवाओं के स्प्रे और फॉगिंग कर रही हैं। इसके अलवा जिलेभर में आशाओं के माध्यम से एकत्रित पानी को भी खाली कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पतालों में आइसोलेटेड वार्ड आदि की व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा डेंगू से निपटने के लिए सभी तैयारी की गई हैं।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के सहस्त्रधारा क्षेत्र में आपदा प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश में सभी सड़कों का सुधारीकरण कार्य जोरों पर।
- और, हरिद्वार में उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा वार्षिक गंगा बंदी की गई।